आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
छेहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 04.03.2026
समय 1830

<u>मुख्य समाचार :–</u>

- राज्य में होली का पर्व पूरे उल्लास, पारंपरिक रीति–रिवाजों और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया।
- राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की यात्रा से भारत–फिनलैंड संबंध को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।
- आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में आज शाम कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड से।

<u>होली</u>

प्रदेश में आज होली का पर्व पूरे उल्लास, पारंपरिक रीति–रिवाजों और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों में सुबह से ही होलियारों ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

राजधानी देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, उधमसिंहनगर सहित अन्य जिलों में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में पारंपरिक कुमाऊँनी होली की धूम रही, इस बीच लोग ढोल–दमाऊं की थाप पर जमकर झूमें। साथ ही मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना के साथ भजन–कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

इसी क्रम में देहरादून स्थित लोकभवन में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। राज्यपाल प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी हैं साथ ही प्रदेश की खुशी की कामना की है। इस अवसर पर राज्यपाल ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमारे अंदर व्याप्त हर्ष और उल्लास का प्रतीक है, जो ईश्वर का आशीर्वाद है।

वही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि यह पवन उत्सव उत्तराखंड राज्य वासियों के जीवन में सुख समृद्धि लाए और इसी तरह प्रदेशवासी होली बिखेरते रहें।

इस मौके पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी और शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत सहित अन्य गणमान्यों ने समारोह में हिस्सा लिया।

इस बीच चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर स्थित प्राचीन गोपीनाथ मंदिर में ऐतिहासिक होली का आयोजन किया गया। यह होली धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़ी मानी जाती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला के दौरान भगवान शिव स्वयं यहां पधारे थे। तभी से इस स्थान पर विशेष होली का आयोजन होता आ रहा है।

मंदिर परिसर में आयोजित इस होली में अलग–अलग गांवों से लोग पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचकर ढोल–दमाऊं की थाप और पारंपरिक होली गीतों के बीच रंग–गुलाल उड़ाते हैं। वहीं उत्तरकाशी में भी होली की रौनक देखने को मिली। गांव से लेकर शहरों तक इस बार होली का उत्साह सुबह से ही चरम पर नजर आया। लोगों ने परंपरा, संस्कृति और भाईचारे के साथ रंगों का त्योहार मनाया।

जिले में कई मोहल्लों में सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां लोगों ने गले मिलकर आपसी मतभेद भुलाने और प्रेम व सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान टिहरी जिले में गांव से लेकर शहर तक लोग होली के रंगो में डूबे रहे। जिले के एक समय वीरान पड़े गांवों में भी इन दिनों होली की जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। वर्षों से रोज़गार और शिक्षा के सिलसिले में बाहर रह

रहे प्रवासी ग्रामीण त्योहारों पर अपने गांव लौट रहे हैं और उन्हें फिर से जीवंत बनाने का प्रयास कर रहे हैं।
चम्पावत में भी होली पर जिले के बनबसा ,टनकपुर , चम्पावत, लोहाघाट, पाटी, बाराकोट, खेतीखान के साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में होली टीमों के साथ लोग होली भरे गीतों से झूमे। साथ ही होल्यार दलों ने राधा कृष्ण प्रेम, श्रृंगार रस की खड़ी होली का गायन किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा भी होली के दौरान हुड़दंगियों से निपटने के लिए खासे प्रबन्ध किये गए थे। इस अवसर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जिलेवासियों को होली की बधाई दी।

इस बीच तीर्थ नगरी हरिद्वार में होली का पर्व हर्षोल्लास और शांति के साथ मनाया गया। गंगा घाटों से लेकर गली–मोहल्लों तक लोगों ने एक–दूसरे को रंग लगाकर, गले मिलकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।

पुलिस की सर्तकता

इस बीच होली त्यौहार सकुशल सुरक्षित शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए प्रदेश भर में पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राजधानी देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी अधीनस्थो को अपने–अपने क्षेत्रों मे सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा आपसी सौहार्द खराब करने व अराजकता फैलाने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए उन्हें निरूद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

प्रधानमंत्री

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब भारत की राजकीय यात्रा पर आज सुबह नई दिल्ली पहुंचे। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्री स्टब रायसीना संवाद–2026 में मुख्य अतिथि के साथ ही मुख्य वक्ता हैं। ई दिल्ली पहुंचने पर श्री स्टब ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनका यह दौरा व्यापार सहित दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करेगा। फिनलैंड के राष्ट्रपति का भारत में स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका यह दौरा भारत–फिनलैंड संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे कल राष्ट्रपति स्टब से होने वाली मुलाकात और रायसीना संवाद 2026 में उनके मुख्य भाषण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

खेल

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप का पहला सेमीफाइनल आज शाम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गर्डन्स में शाम 7 बजे से शुरू होगा।

स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होली के अवसर पर चम्पावत जिले को बड़ी सौगात देते हुए किमतौली–रौसाल सड़क के डामरीकरण और सुधार कार्य के लिए 12 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। लगभग 20 किलोमीटर लंबी यह सड़क करीब 20 गांवों को जोड़ती है, जिससे लगभग 10 हजार की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।
सड़क के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बाजार तक पहुंच आसान होगी। गौरतलब है कि इस सड़क के डामरीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के बाद मुख्यमंत्री ने इसके लिए धनराशि स्वीकृत की है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर प्रोफेसर कन्हैया त्रिपाठी ने दून मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में एक समर्पित मानवाधिकार सेल गठित करने का सुझाव दिया। इस दौरान प्रो. त्रिपाठी ने विभागाध्यक्षों, फैकल्टी और छात्रों से संवाद किया। उन्होंने मेडिकल छात्रों द्वारा पांच परिवारों को गोद लेने वाले फैमिली अडॉप्शन प्रोग्राम और फैकल्टी–छात्रों के मेंटर–मेंटी कार्यक्रम को सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए अहम व सराहनीय बताया। फोरेंसिक मेडिसिन विभाग द्वारा मेडिको–लीगल और पोस्टमार्टम प्रक्रियाओं में पारदर्शिता के के लिए भी सुझाव दिए।